महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग ने क्रिकेट पर डाला है। महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। - रानी रामपाल

पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान, हॉकी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

डी गुकेश

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व चैंपियन बनने के बाद शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद गुकेश ने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। वह शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में जोड़ियों की घोषणा की जाएगी। पांच भारतीय पहली बार 'शतरंज का विंबलडन' कहे जाने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

क्या आप जानते हैं ?... सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मैचों में 51 शतक लगाये। जबकि वनडे में उनके नाम 49 शतक है।

इंग्लैंड सीरीज के लिए सितांशु कोटक होंगे भारतीय टीम के बल्लेबाज कोच

मुम्बई, 16 जनवरी। सितांशु कोटक को सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले आगामी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का बल्लेबाजी कोच

बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार हैं। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। 52 वर्षीय कोटक को 20 साल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव है। उन्होंने 2013 में संन्यास लिया था। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है। वह 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी कोच थे। उल्लेखनीय है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद पिछले सप्ताह भातीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी कोच रखने का सुझाव दिया था।

जयपुर की निर्मला रावत बनी विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की अध्यक्ष

जयपुर, 16 जनवरी। विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की नई अध्यक्ष जयपुर निवासी निर्मला रावत चुनीं गई हैं। इस प्रतिष्ठित पद पर चुने जाने पर रावत का सम्मान भारत के विभिन्न राज्यों के विश्व

पैरा थ्रोबॉल महासंघ के प्रतिनिधि करेंगे। सम्मान समारोह कमल रतन टॉवर के होप्स इन टेटर्स में होगा। निर्मला रावत का चुनाव राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत और भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट की अनुशंसा पर हुआ है। रावत का चुना जाना पैरा खेलों में नई ऊंचाइयों को छूने समेत उनकी नेतृत्व क्षमता और दिव्यांगजनों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। समारोह में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा कर्नाटक, हरियाणा से भी प्रतिनिधि व खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। समारोह में सांसद मंजू शर्मा, मंत्री सुरेश रावत, विधायक कालीचरण सराफ व पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल की मौजूदगी रहेगी।

67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 विवान कपूर, अली अमन ईलाही व आदित्य भारद्वाज ने स्वर्ण पदक जीते

जयपुर, 16 जनवरी। नई दिल्ली में आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप 2025 में राजस्थान के खिलाडियो ने पदक अपने नाम किये। राजस्थान की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुये क्ले पिजन ट्रेप सीनियर मैन टीम के खिलाडी विवान कपूर, अली अमन ईलाही व आदित्य भारद्वाज ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राजस्थान की क्ले पिजन ट्रेप जुनियर मैन व्यक्तिगत में विनय प्रताप सिंह चद्रावत ने जीता स्वर्ण पदक व राजस्थान की क्ले पिजन ट्रेप जुनियर मैन टीम के खिलाडी विनय प्रताप सिंह चद्रावत, उद्धव सिंह, पृथ्वीराज सिंह राठौड ने सिल्वर मेडल अपने नाम कर राजस्थान का गौरव बढ़ाया।

वीमेन अंडर-23, टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने उत्तराखंड को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

जयपुर, 16 जनवरी। त्रिवेंद्रम में खेली जा रही बीसीसीआई की वीमेन अंडर 23 टी20 ट्रॉफी में आज राजस्थान ने उत्तराखण्ड को 2 विकेट से हराकर प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल में जगह बनाई। राजस्थान की जीत में डिंपल कँवर का आल राउंडर प्रदर्शन व कौशल्या चौधरी व उषा परेरिया की शानदार गेंदबाजी। टीम के लिए ज्योति गिरी 21 रनो का योगदान दिया। राजस्थान की गेंदबाज कौशल्या चौधरी 12/3, डिंपल कँवर 8/2, उषा पेरेरिया 14/2, यशस्वी कट्टा 16 /1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य को राजस्थान टीम ने डिंपल कँवर की शानदार नाबाद पारी की सहायता से 8 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मैच में जीत प्राप्त की। डिंपल कँवर ने अपनी नाबाद 45 रनो की पारी में 58 गेंदों का सामना किया जिसमे 7 चोक्के लगाए। टीम के लिए डिंपल कँवर नाबाद 45 व दीक्षा सैनी 17 रनो का योगदान दिया। उत्तराखंड की गेंदबाज नीलम 13 / 4 व सफीना 14 / 2, डिंपल कंडारी 23/1 विकेट प्राप्त किये। 18 जनवरी को प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल में राजस्थान का मुकाबला महाराष्ट्र से होगा।

इंग्लैंड दौरे से पहले 3 अभ्यास मैच खेलेगी इंडिया-ए

नई दिल्ली, 16 जनवरी। जून में इंग्लैंड दौरे से पहले इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 चार दिवसीय मैच खेलेगी। मुकाबले 25 मई को खत्म होने के ठीक बाद शुरू होंगे और 20 जून को टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले खत्म भी हो जाएंगे। टीम इंडिया के आउट ऑफ फॉर्म बैटर्स के पास इंडिया-ए के साथ जुड़कर बड़ी सीरीज से पहले फॉर्म हासिल करने का मौका रहेगा।

इंडिया-ए की सीरीज इसीलिए रखी है ताकि बैटर्स यहां खुद को साबित कर सकें। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा प्लेयर्स को टेस्ट सीरीज में भी मौका मिल सकता है। वहीं सीनियर प्लेयर्स इंडिया-ए में शामिल होकर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकें तो उन्हें टीम से बाहर भी किया जा सकता है।

टीम इंडिया पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट की सीरीज 3-1 से हार गई। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और नीतीश रेड्डी को छोड़कर टीम के ज्यादातर बैटर्स फ्लॉप ही रहे। विराट कोहली एक ही शतक लगा सकें, वहीं कप्तान रोहित शर्मा तो सीरीज में 31 रन ही बना पाए। बैटर्स के खराब प्रदर्शन के बाद मांग उठी कि सभी प्लेयर्स को घरेलू क्रिकेट और प्रैक्टिस मैच में भी हिस्सा लेना चाहिए। अब टेस्ट टीम को 20 जून से इंग्लैंड में 5 मैचों की सीरीज खेलना है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज का शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ, लेकिन देखना अहम होगा कि आउट ऑफ फॉर्म बैटर्स सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं?

पेरू को हराकर भारत खो-खो विश्वकप के क्वार्टरफाइनल में

नई दिल्ली, 16 जनवरी। भारतीय पुरुष टीम ने बुधवार को पेरू पर 70-38 से जीत दर्ज कर खो खो विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे खो खो टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए पेरु को हराया। भारतीय टीम ने पहले टर्न के शुरुआती चरणों में दबदबा बनाया, हालांकि पेरू ने दूसरे टर्न में थोड़े समय के लिए रक्षात्मक स्टैंड के साथ प्रदर्शन किया। भारत ने पहले राउंड को प्रभावशाली 36 अंकों के साथ समाप्त किया। आदित्य पोटे, शिवा रेड्डी और सचिन भार्गो के शानदार प्रदर्शन के साथ दूसरे टर्न में गति बनाये रखी। भारत के दबाव का यह सिलसिला तीसरे टर्न तक जारी रहा और चौथे टर्न तक स्कोर 70 अंकों तक पहुंच गया। 32 अंकों की इस शानदार जीत के साथ भारत ने न केवल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

फेक न्यूज फैलाने वालों पर भड़के जसप्रीत बुमराह

नई दिल्ली, 16 जनवरी। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर इन दिनों कई अफवाह आ रही हैं। कई रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि बुमराह को बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। अब इन तमाम मीडिया रिपोर्ट पर खुद बुमराह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि फेक न्यूज फैलाना आसान है।

इसका मतलब है कि बुमराह को बेड रेस्ट नहीं दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली गई पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मुकाबले में बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ था, जिसके बाद भारतीय गेंदबाज मैच के बीच में स्कैन के लिए गए थे। बुमराह ने इसके बाद मुकाबले में गेंदबाजी भी नहीं कराई थी। बुमराह के गेंदबाजी नहीं कराने से तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं।

तमाम रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा चुका है कि, बुमराह फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी मिस कर सकते हैं। हालांकि, बुमराह की चोट पर बीसीसीआई

की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन खुद बुमराह ने जरूर सबकी क्लास लगा दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुमराह ने अपनी बेड रेस्ट वाली फैलती खबरों पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि, मुझे पता कि फेक न्यूज फैलाना आसान है लेकिन इससे मुझे हंसी आती है। सोर्स अविश्वसनीय। टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

क्या धोनी के सम्मान में सरकार ला रही 7 रुपये का नया सिक्का

नई दिल्ली, 16 जनवरी। जब कभी भी भारत और दुनिया में क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन कप्तान और विकेटकीपर की बात होगी तो सबसे पहले एमएस धोनी का नाम आएगा। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में धोनी के कई फैंस मिल जाएंगे। आईपीएल के दौरान एमएस धोनी के प्रति फैंस की दिवानगी का अलग ही नजारा देखने को मिलता है। सोशल मीडिया से कोसो दूर रहने वाले धोनी फैंस के बीत किसी ना किसी कारण चर्चाओं में रहते हैं। एक बार फिर उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर एक अलग ही बात चल रही है।सोशल मीडिया मौजूदा समय में हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इसी सोशल मीडिया पर कब किसके बारे में कुछ भी वायरल हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। झूठी खबरों के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा अड्डा बन कर रह गया है। ऐसा ही कुछ एमएस धोनी के नाम पर भी हो रहा है। उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर कई दावे चल रहे हैं। इन्हीं में एस एक खबर सोशल मीडिया पर ये भी है कि धोनी के सम्मान में सरकार मुद्रा जारी करने जा रही है।

हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें यानी रिजर्व बैंक का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि आरबीआई महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में 7 रुपये का नया सिक्का जारी करने जा रहा है। थाला एक बार फिर चमक रहे हैं। जिसके बाद प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो की फैक्ट चेक में पता चला है कि ये वायरल दावा झूठा है और सरकार ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया गया है कि, सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रही इमेज में दावा किया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में नया 7 रुपये का सिक्का जारी किया जाएगा। जो की तस्वीर पूरी तरह से झूठी है।

विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मैच 14 फरवरी को गुजरात-बेंगलुरू के बीच

15 मार्च मुंबई में पहला फाइनल, 4 वेन्यू पर 22 मैच खेले जाएंगे

नई दिल्ली, 16 जनवरी। विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का शेड्यूल रिलीज हो गया है। 14 फरवरी को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच वडोदरा में ओपनिंग मैच होगा। मुंबई में 13 मार्च को एलिमिनेटर और 15 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

इस बार 2 की बजाय 4 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। लखनऊ और बेंगलुरु बाकी 2 वेन्यू हैं। टूर्नामेंट में 5 ही टीमें रहेंगी, सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह एक टीम 8 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में टोटल 22 मैच होंगे। विमेंस प्रीमियर लीग में 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। 20 और 23 फरवरी के साथ 2, 4, 5 और 9 मार्च को रेस्ट डे हैं, इस दिन कोई मुकाबला नहीं होगा। बाकी सभी दिन शाम 7.30 बजे से 1-1 मैच खेला जाएगा। यानी एक भी दिन 2 मैच नहीं खेले जाएंगे। प्लेऑफ के दौरान 12 और 14 मार्च को कोई मैच नहीं होगा।

सीजन-3 में 4 वेन्यू पर मैच होंगे। वडोदरा में 14 से 19 फरवरी तक 6 मैच खेले जाएंगे। फिर बेंगलुरु में 21 फरवरी से 1 मार्च तक 8 मैच होंगे। यहां की होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का खिताब जीता था, इसलिए इस वेन्यू को सबसे ज्यादा मुकाबले मिले। 3 से 8 मार्च तक लखनऊ में 4 मैच खेले जाएंगे। फिर 10 से 15 मार्च तक मुंबई में प्लेऑफ और लीग स्टेज के 2-2 मैच होंगे।

विदर्भ पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा, महाराष्ट्र को 79 रन से हराया

वड़ोदरा, 16 जनवरी। ध्रुव शौरी (114), यश राठौड़ (116) की शानदार शतकीय और कप्तान करूण नायर (नाबाद 88) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर विदर्भ ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को जीत के लिए 381 रनों का विशाल लक्ष्य दिया हैं। आज यहां महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए सलामी बल्लेबाज ध्रुव शौरी और यश राठौड़ शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 224 रन जोड़े। 35वें ओवर में सत्यजीत बाछव ने यश राठौड़ को बोल्ड कर महाराष्ट्र को पहली सफलता दिलाई। यश राठौड़ ने 101 गेंदों में 14 और एक छक्के की मदद से (116) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में मुकेश चौधरी ने ध्रुव शौरी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 120 गेंदों में 14 चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (114) रन बनाये। जितेश शर्मा ने 33 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान करुण नायर ने 44 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्कों की मदद से (नाबाद 88) रनों तूफानी की पारी खेली।

सिंधु, किरण जॉर्ज ने शानदार जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

नई दिल्ली, 16 जनवरी। पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु ने अपनी पुरानी आक्रामक छवि को फिर से हासिल कर लिया है जबकि उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने दबाव के बावजूद सीधे गेम में जीत दर्ज की। इसके अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुरुवार को केडी जाधव इंडोर हॉल में जारी योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पेरिस ओलंपिक के बाद से अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 21-15, 21-13 से हराया, जबकि किरण ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 22-20, 21-13 से पराजित किया।बाद में, 2022 के चैंपियन सात्विक और चिराग को पहला गेम हारने के बाद फिर से एकजुट होना पड़ा और इसी एकजुटता के दम पर दोनों ने जापान के केन्या मित्सुहाशी/ हिरोकी ओकामुरा को 20-22आ, 21-14, 21-16 से हराया।अन्य शीर्ष खिलाड़ियों में, पिछले संस्करण के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ निर्णायक मैच में एक मैच प्वाइंट बचाना पड़ा। इसकी बदौलत वह हालांकि एक घंटे 16 मिनट के संघर्ष को 14-

21, 21-18, 22-20 से जीत में बदलकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। ली चेउक यियू और टोमा जूनियर पोपोव के बीच हुए उस मैच ने बैडमिंटन प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, वहीं सिंधु और किरण ने उन्हें जश्न मनाने के लिए पर्याप्त कारण दिए। शुरुआती मुकाबलों के बाद सिंधु ने शुरुआती गेम में 13-6 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि सुइजू ने अंतर को 14-13 तक कम कर दिया, लेकिन भारतीय स्टार हमेशा नियंत्रण में दिखीं और उन्होंने फिर से बड़ा अंतर बना लिया। दूसरे गेम में सिंधु का पूरा दबदबा देखने को मिला, जिसमें उन्होंने क्रॉस कोर्ट विनर्स को अपनी इच्छानुसार हासिल किया। अब अगले दौर में सिंधु का सामना अब इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त ठोगोरिया मारिस्का तुनजुंग से होगा, जिन्होंने दूसरे दूसरे दौर के मुकाबले में एक अन्य जापानी खिलाड़ी नात्सुकी नादेरा को 21-12, 24-22 से हराया।इससे पहले, किरण ने दूसरे दौर के मुकाबले के शुरुआती गेम में लैनियर के खिलाफ छह गेम पॉइंट बचाए। रिजर्व सूची से प्रतियोगिता में अंतिम समय में प्रवेश पाने वाले 24 वर्षीय किरण फ्रांसीसी खिलाड़ी के शुरुआती गेम में सटीक अटैक करने के कारण लय नहीं हासिल कर पा रहे थे।लैनियर ने पहले गेम में 20-14 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन किरण ने शानदार वापसी करते हुए लगातार आठ अंक जीतकर गेम 22-20 से अपने नाम कर लिया। अब उनका सामना चीन के हांग यांग वेंग से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में मलेशिया के जून हाओ लियॉन्ग को 21-18, 21-12 से हराया। ऐसा लग रहा था कि सात्विक और चिराग भी सीधे गेम में 8वें दौर में पहुंच जाएंगे। एक समय उन्होंने 18-14 की बढ़त बनाई और 20-19 पर गेम प्वाइंट हासिल किया, लेकिन इसे भुना नहीं पाए और पहला गेम हार गए। लेकिन यह झटका महंगा साबित नहीं हुआ, क्योंकि उन्होंने दूसरे गेम में तेजी से खेल पर नियंत्रण हासिल किया और फिर बढ़त बनाए रखते हुए एक घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह अन्य भारतीय दावेदारों के लिए एक अच्छा दिन नहीं रहा।

69वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए राजस्थान बालक एवं बालिका टीमों की घोषणा

जयपुर, 16 जनवरी। भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ द्वारा 69 वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 जनवरी से 21 जनवरी 2025 तक नरखेड़, नागपुर, महाराष्ट्र में किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता में राज्य की बालक एवं बालिका दोनों टीमें भाग लेने जा रही है। राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने जाने वाली राजस्थान की दोनों टीमों का चयन करौली में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर किया गया है !

चयनित बालक एवं बालिका दोनों टीमें इस प्रकार है :-

बालिका वर्ग : वंशिका आचार्य (कप्तान), विजय लक्ष्मी (उपकप्तान), साक्षी व्यास, रितिका विश्नोई, दीक्षा चौधरी, अदिति उपाध्याय, नेहा भाटी, प्रियंका डूडी, कुसुम, दिव्या मीणा, अब्दुल अब्बास (कोच), कुमकुम सोनी (मैनेजर)।

बालक वर्ग : गणेश शर्मा (कप्तान), चिराग सोलंकी (उप कप्तान), आदित्य शर्मा, हर्षित जांगिड़, सिद्दार्थ स्वामी, प्रिंस प्रजापत, उदय कुमार खत्री, अजय कुमार, भविष्य जाट, कार्तिकेय शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा (कोच), अब्दुल वहीद (मैनेजर)। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा ने दोनों टीमों को ट्रैकसूट एवं किट देकर प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनायें देकर रवाना किया।

पोलो सीजन 2025 का आगाज

कैवेलरी ने आरपीसी/एएससी को 7-6 से, रामबाग पोलो ने अरावली को 6-2 से हराया

जयपुर, 16 जनवरी। आज से जयपुर पोलो सीजन 2025 , महाराज पृथ्वी सिंह बारिया कप (06 गोल) आज से शुरू हुआ। आज कैवेलरी ग्राउंड पर टीम आरपीसी/एएससी और कैवेलरी रॉयल एन्फील्ड के बीच मैच खेला गया जिसमें कैवेलरी रॉयल एन्फील्ड ने आरपीसी/ एएससी को 7-6 से हराया। आरपीसी/ एएससी की ओर से भवानी कालवी ने 3, रविन्द्र ने 1ओर कुलदीप सिंह ने 2 गोल किये, वहीँ कैवेलरी की ओर से अनंत राजपुरोहित ने 1, नवीन सिंह और डेनियल ने 3-3 गोल किये। दूसरा मैच रामबाग पोलो मैदान में रामबाग पोलो ओर अरावली टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रामबाग पोलो ने अरावली को 6-2 से हराया। अरावली की ओर से मैन्युअल फ्लोरेन्ट ओर जयवीर सिंह गोहिल ने 1-1 गोल किया वहीं रामबाग पोलो की ओर से सलीम आज़मी ने 3, ध्रुवपाल गोदारा ने 1 ओर शमशीर अली ने 2 गोल कर अपनी टीम की जीत निश्चित की।

आयरलैंड महिला टीम पर जुर्माना

राजकोट, 16 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत के खिलाफ खेले गये तीसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड की टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने तय समय से दो ओवर कम डालने पर आयरलैंड पर यह जुर्माना लगाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी पूरी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया।

सूरमा हॉकी क्लब ने ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से हराया

रांची, 16 जनवरी। सूरमा हॉकी क्लब ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में अपनी मजबूत शुरुआत जारी रखते हुए रांची के मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आज ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से हराया।

एन बाली, मिगुएल रेयेस-वरेला की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न, 16 जनवरी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले में भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला ने रॉबिन हासे और एलेक्जेंडर नेडोवेसोव की जोड़ी को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला की भारतीय-मैक्सिकन जोड़ी ने डेनमार्क-कजाकिस्तान की जोड़ी को पुरुष युगल मैच में 6-4, 6-3 से हराया। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 विनर्स लगाए। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में पोलैंड की टेनिस स्टार इगा स्वियातेक ने स्लोवाकिया की रेबेका को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी ने आज दूसरे राउंड में स्लोवाकिया की रेबेका स्त्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराया। तीसरे दौर में स्वियातेक का मुकाबला ब्रिटेन की राडुकानू से होगा।